पी.एम.श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 , वायु सेना स्थल, चकेरी, कानपुर

बाल वाटिका-3 में ऑफलाइन माध्यम से प्रवेश हेतु प्रवेश सूचना (2024-25)

दिनांक : 30/03/2024

के.वि.स. (मुख्यालय) द्वारा शैक्षणिक **सत्र 2024-25** में प्रवेश के लिए निर्देशित प्रवेश सूचना व् समय सारणी (ADMISSION SCHEDULE FOR BALVATIKA 2024-25) के अनुसार **बाल वाटिका-3** (केवल) में प्रवेश हेतु **ऑफलाइन पंजीकरण (OFFLINE REGISTRATION)** दिनांक: **01/04/2024 (दिन-सोमवार) प्रातः** 10:00 बजे से दिनांक **15/04/2024 (सोमवार) सांय** 5:00 बजे तक निर्धारित है।

- **प्रवेश सम्बन्धी समस्त** विवरण व् दिशा निर्देश के.वि.स. की वेबसाइट - https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in **व् विद्यालय की वेबसाइट** – https://no2chakeri.kvs.ac.in **पर उपलब्ध है।**

सभी अभिभावकों से अनुरोध है की रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने से पहले के.वि.स. प्रवेश निर्देशिका 2024-25 (KVS ADMISSION GUIDELINES 2024-25) **में दिए गए निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर यथानुरूप पालन करना सुनिश्चित करें।**

बाल वाटिका-3 में प्रवेश हेतु विद्यालय से ऑफलाइन पंजीकरण फॉर्म प्राप्त करने व् जमा करने की समय सारणी निम्नवत निर्धारित की जाती है-

1.	प्रवेश हेतु पंजीकरण फॉर्म की उपलब्धता	01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2024 (प्रातः 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक)
2.	पंजीकरण हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	15 अप्रैल 2024 (शाम 5:00 बजे तक)

सभी पंजीकृत विद्यार्थियों की चयनित एवं प्रतीक्षित अनंतिम सूची के प्रदर्शन व् चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश की तिथि तथा समय सारणी विद्यालय की वेबसाइट व् सूचना पट्ट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अतः इस सम्बन्ध में अभिभावकों को सूचित किया जाता है की प्रवेश सम्बन्धी UPDATES के लिए विद्यालय की वेबसाइट - (https://no2chakeri.kvs.ac.in) देखते रहें।

बाल वाटिका-3 में प्रवेश हेतु आवश्यक संलग्नक :-

प्रवेश सूची में नाम आने के उपरांत प्रवेश हेतु जांच के लिए ऑनलाइन भरे गए फॉर्म की स्वप्रमाणित छायाप्रति के अतिरिक्त निम्नलिखित दस्तावेजों का होना अनिवार्य है : -

- भारतीय सैन्य बल एवं अन्य भारतीय सशस्त्र बल कार्मिकों के लिए :
  - नवीनतम सेवा प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत)।
  - पोस्टिंग प्लेस (तैनाती स्थान) पर "नो अकोमोडेशन सर्टिफिकेट" / "फील्ड एरिया सर्टिफिकेट" (बाहर सेवारत कर्मचारियों हेतु)
  - स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पिछले 07 वर्षों के स्थानांतरणों का विवरण (सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत एवं सत्यापित अर्थात सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित और कार्यालय प्रमुख द्वारा मुहर लगाकर नाम, पदनाम तथा अन्य प्रासंगिक विवरणों को ब्लॉक अक्षरों में लिखा होना सुनिश्चित करें)।
- के.वि.स. प्रवेश निर्देशिका 2024-25 (KVS ADMISSION GUIDELINES 2024-25) में दिए गए निर्देशों के अनुरूप पाल्य / पाल्या का जन्मतिथि प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित)।
- पाल्य / पाल्या का रक्त समूह प्रमाण पत्र (मूल रूप में)।
- निवास प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत) की छायाप्रति।
- पिछले महीने की सैलरी स्लिप की छायाप्रति अथवा वेतन भोगी कर्मचारियों की वेतन पासबुक की छायाप्रति।

Scanned with OKEN Scanner

- जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।
- पाल्य/ पाल्या का आधार कार्ड, यदि उपलब्ध हो (सत्यापित छायाप्रति सहित)।
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।

नोट: सभी अभिभावकों से पुनः अनुरोध है की-

- **एडमिशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने से पहले** के.वि.स. प्रवेश निर्देशिका 2024-25 (KVS ADMISSION GUIDELINES 2024-25) **में दिए गए निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर यथानुरूप पालन करना सुनिश्चित करें।**

- **समय समय पर प्रवेश सम्बन्धी UPDATES के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन एवं पी.एम्.श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2, वा.से.स्थल, चकेरी की वेबसाइट** (https://no2chakeri.kvs.ac.in) **देखते रहें।**

P.L. 30/03/24
प्रवेश प्रभारी

प्राचार्य / Principal
प्राचार्य
पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय नं0-2/PM Shri Kendriya Vidyalaya No. 2
वायु सेना स्थल/Air Force Station
चकेरी, कानपुर-8/Chakeri, KANPUR-8

Scanned with OKEN Scanner